देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 340 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**मोदी को काफी पसंद करता हूं



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 26 फरवरी 2020



मौसम अधिकतम 22.0° न्यूनतम 11.0°

40281.20

2 डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को फटकारा

7 कपिल देव ने हार के बाद उठाए सवाल

## संक्षिप्त समाचार

### भारी बारिश के साथ गिरेंगे ओले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। मौसम विभाग का कहना है कि अभी आगे कुछ दिन भारी बारिश के आसार हैं, जिससे मौसम में ठंडक लौटेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। अलर्ट जारी करते हुए बिहार, ओडिशा, आसाम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, उप हिमालय पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश के साथ बर्फबारी का पूर्वानुमान लगाया गया है। वहीं, 28–29 फरवरी के आसपास जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी और भारी बारिश का अनुमान लगाया गया है। इसके अलावा कोहरे और बिजली कड़कने के बारे में भी चेतावनी जारी की गई है।

### सीएम केजरीवाल ने की घायलों से मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। उत्तर–पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में हिंसक प्रदर्शनों में घायलों से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुलाकात की। केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने हिंसा में घायल पुलिसकर्मी से पटपड़गंज स्थित एक अस्पताल में जाकर मुलाकात की। इससे पहले केजरीवाल मंगलवार को मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन के साथ गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल पहुंचे।

### दिल्ली को बचाना है तो सेना की कर दो तैनातीः ओवैसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
हैदराबाद। दिल्ली में उपद्रव का धुआं छंटने का नाम नहीं ले रहा है। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध के नाम पर हो रही हिंसा के आगे पुलिस बेहद असहाय नजर आ रही है। ऐसे में लोगों की जुबान पर आर्मी का विकल्प आने लगा है। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के हालातों को देखते हुए इसे सेना के सुपुर्द कर देने की सलाह दी है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, श्नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की हालत बदतर होती जा रही है।

# अमेरिका संग 3 अरब डॉलर की डिफेंस डील

■ पीएम मोदी ने कहा कि अमेरिका से भारत की साझेदारी अहम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच बैठक में जिस एक बात पर सबकी नजरें लगी हुई थीं, वह था रक्षा सौदा। आखिरकार लंबी बातचीत और मोल–भाव के बाद ट्रंप ने आज दोनों देशों के बीच 3 अरब डॉलर के रक्षा डील की घोषणा कर दी। इन सबके बीच ट्रंप ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर खरी–खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की धरती से चलने वाले आतंकवाद पर लगाम लगाने की जरूरत है। ट्रंप और मोदी ने दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्तों का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि वह भारत का यह दौरा कभी नहीं भूलेंगे।

इन सौदे में अमेरिका से 24 एमएच60 रोमियो हेलिकॉप्टर की 2.6 अरब अमेरिकी डॉलर में खरीद शामिल है। एक अन्य डील छह एच64ईअपाचे हेलिकॉप्टर को लेकर है जिसकी कीमत 80 करोड़ डॉलर होगी। ट्रंप ने कहा कि 3 अरब डॉलर से ज्यादा के डिफेंस डील से दोनों देशों के रक्षा संबंध और मजबूत होंगे।

**राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत** ट्रंप और उनकी पत्नी मेलेनिया का राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति के तौर पर भारत की अपनी पहली यात्रा पर आए ट्रंप को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाद में ट्रंप ने अपनी पत्नी के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## पाक को आतंकवाद पर डोनाल्ड ट्रंप ने सुनाई खरी–खरी



### पीएम मोदी बोले– अमेरिका से भारत की साझेदारी अहम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हमने भारत–अमेरिका पार्टनरशिप के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की, वह चाहे रक्षा हो या सुरक्षा। हमने एनर्जी स्ट्रेटिजिक पार्टनरशिप, ट्रेड और पिपल–टु–पिपल के बीच संबंधों पर भी चर्चा की। रक्षा क्षेत्र में भारत–अमेरिका के बीच मजबूत होता रिश्ता हमारी साझेदारी का महत्वपूर्ण पक्ष है।

**आतंकवाद पर पाकिस्तान को ट्रंप की खरी-खरीः** ट्रंप ने आतंकवाद का जिक्र करते हुए कहा, पीएम मोदी और मैं अपने नागरिकों को कट्टर इस्लामी आतंकवाद से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका पाकिस्तान की धरती से चल रहे आतंकवाद को रोकने के लिए कदम उठा रहा है।

### जीतूंगा चुनाव तो बाजार ऊपर भागेगा

नई दिल्ली। डॉनल्ड ट्रंप आज अमेरिकी दूतावास में देश के उद्योगपतियों के साथ बैठक की। इस बैठक में गौतम अडाणी, मुकेश अंबानी और कुमार मंगलम बिड़ला जैसे उद्योगपति शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर कहा कि मैं आने वाला चुनाव जीत रहा हूं, और जब मैं चुनाव जीतूंगा बाजार चढ़ जाएगा। ट्रंप ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड और बिजनस के संबंध और मजबूत होंगे। हमारी कोशिश द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बेहतर और मजबूत करने की है।

### गृह राज्य मंत्री, एलजी ने रतनलाल को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के नॉर्थ–ईस्ट इलाके में पिछले दो दिनों से फैली हिंसा को रोकने के दौरान जान गंवाने वाले हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल को मंगलवार को किंग्सवे कैंप स्थित पुलिस लाइन में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले इस वीर सिपाही को श्रद्धांजलि देने खुद दिल्ली पुलिस के कमिश्नर अमूल्य पटनायक पहुंचे। इसके अलावा गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और उपराज्यपाल अनिल बैजल भी पुलिस लाइन पहुंचे और हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा दिल्ली पलिस के तमाम सीनियर ऑफिसर भी रतन लाल को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

## दिल्ली में उपद्रव थमने का नाम नहीं ले रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के नॉर्थ–ईस्ट इलाके में जारी उपद्रव थमने का नाम नहीं ले रहा है। उपद्रवियों को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली पुलिस ने चार थाना क्षेत्रों में सख्ती बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस की ओर से मिली सूचना के मुताबिक चांद बाग, करावल नगर, मौजपुर और जाफराबाद में मंगलवार शाम को भारी संख्या में पुलिस बल उतार दिए गए हैं। रोड पर उपद्रवियों के साथ सख्ती बरती जा रही है।

मंगलवार शाम को चांदबाग इलाके से ताजा आगजनी की तस्वीरें भी सामने आई हैं। इन

### चांद बाग में आगजनी के चलते दिखा धुंआ–धुंआ

तस्वीरों में पूरे इलाके में धुंआ–धुंआ दिख रहा है। इसी माहौल में सुरक्षाकर्मी रोड पर मार्च कर रहे हैं। दिल्ली के गोकुलपुरी और वेलकम थाना इलाके में हिंसा हुई है और बाबरपुर रोड पर गाड़ियां भी जलाई गई। इस बीच, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हिंसा रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह पागलपन रुकना चाहिए।

चांद बाग इलाके में मंगलवार शाम को दंगाइयों ने दुकानों में आग लगा दी और पथराव किया।



पुलिस ने भीड़ को तितर–बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे लेकिन यह प्रयास व्यर्थ रहा। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। दंगाइयों ने बेकरी की एक दुकान और फलों के कई ठेलों को भी फूंक दिया।

दिल्ली पुलिस और रैपिड ऐक्शन फोर्स को खजूरी खास इलाके में भी तैनात किया गया है। सोमवार को हुई हिंसा के बाद से ही इलाके में धारा 144 लागू है।

### पुलिस बल की कमी को कमिश्नर ने नकारा

मंगलवार शाम को मीडिया में खबरें आई थीं कि दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि पुलिस बल की कमी के चलते दिल्ली में उपद्रवियों को रोका नहीं जा सका। हालांकि दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक ने इस खबर का खंडन कर दिया है। उन्होंने साफ तौर से कहा कि दिल्ली में सुरक्षा बलों की कोई कमी नहीं है। हिंसा में अबतक 10 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 200 लोग घायल हुए हैं।

## सीएए पर बोले ट्रंप, मोदी कर रहे अच्छा काम, ये भारत का मामला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में दिल्ली में जारी हिंसा पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी मजबूती से काम कर रहे हैं। धार्मिक स्वतंत्रता के लिए वे मजबूती से काम कर रहे हैं। वे मजबूत नेता हैं। धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर भारत अच्छा काम कर रहा है। एकाध घटनाओं पर मैंने उनसे बात नहीं की है। मालूम हो कि डोनाल्ड ट्रंप का भारत दौरा शुरू होने के साथ ही राजधानी दिल्ली में सीएए के विरोध के नाम पर हिंसा की जा रही है।

## मोदी–ट्रंप वार्ता में नहीं उठा सीएए का मुद्दा



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत दौरे के दूसरे दिन दिल्ली में हैं, जहां उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सौदे पर मुहर लगी। ट्रंप ने 3 अरब डॉलर के डिफेंस डील की घोषणा की। ट्रंप–मोदी वार्ता पर विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने बताया कि पांच मुद्दों पर बात हुई। इसमें सुरक्षा, रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और दोनों देशों की जनता के स्तर पर संपर्क पर बातचीत हुई।

विदेश सचिव ने बताया कि वार्ता के दौरान नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का मुद्दा नहीं उठा। कश्मीर मुद्दे पर विदेश सचिव ने बताया हमने इस साझा किया कि जम्मू और कश्मीर में सकारात्मक विकास हुआ है। इस वार्ता में ऊर्जा द्विपक्षीय सहयोग के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक के रूप में सामने आया है।

### चर्चा

### ट्रंप-मोदी वार्ता में 5 मुद्दों पर हुई चर्चाः विदेश सचिव

विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने बताया कि भारत–अमेरिका ने नारकोटिक्स पर कार्य समूह बनाने का फैसला किया है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य और खास कर हिंद–प्रशांत क्षेत्र में संपर्क पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच वार्ता पर विदेश सचिव ने बताया कि छह भारतीय पक्षों ने आईटी क्षेत्र में भारतीय पेशेवरों के योगदान को रेखांकित करते हुए एच1बी वीजा का मुद्दा उठाया।

### श्रृंगला ने कहा- वार्ता में एच1बी वीजा का मुद्दा उठा

हर्षवर्धन श्रृंगला ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच पांच घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई। राष्ट्रपति ट्रंप ने रक्षा क्षेत्र में खरीद, प्रौद्योगिकी, संयुक्त गठजोड़ में भारत को उच्च स्थान देने का आश्वासन दिया है। वार्ता में क्या सीएए का मुद्दा उठा इस पर विदेश सचिव ने बताया कि ट्रंप–मोदी के बीच वार्ता के दौरान सीएए का मुद्दा नहीं उठा। दोनों पक्षों ने बहुलवाद, विविधता को भारत और अमेरिका को जोड़ने वाला कारक बताते हुए इसकी सराहना की। इस दौरान पाकिस्तान पर भी चर्चा हुई और चिंताओं को रखा गया।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in